ग्राहक 1.5 सिलिंडर उनकी जरूरत को पूरा करने के लिए रखा जाता है।

30.6.95 की स्थिति के अनुसार तेल कंपनियों द्वारा एकत्रित जमाराशि करीब 1700 करोड़ रुपए थी।

(ख) : जी, नहीं।

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता**

403. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सुरक्षा परिषद् में भारत को स्थायी सदस्य बनाये जाने हेतु संयुक्त राष्ट्र संघ में प्रयास हो रहे हैं;

(ख) किन-किन देशों ने इस पहल में भारत का साथ दिया है; और

(ग) वर्तमान समय में कौन-कौन से देश सुरक्षा परिषद् के सदस्य हैं तथा सदस्यता का निर्धारण किस प्रकार होता है?

**विदेश मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी):** (क) भारत ने यह कहा है कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों के रूप में अपने सेवाएं देने के लिए तैयार है। सरकार अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन जुटाने हेतु सभी आवश्यक प्रयास कर रही है।

(ख) और (ग): इस समय अमरीका, यू०के०, फ्रांस, रूसी परिसंघ और चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्य हैं उन्हें संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 23(1) द्वारा स्थायी सदस्यता दी गई थी।

नए सदस्यों को सुरक्षा परिषद् की स्थायी सदस्यता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर में संशोधन करना होगा और संयुक्त राष्ट्र महासभा के दो तिहाई बहुमत से इसका अनुमोदन किया जाना होगा, तथा इसके लिए पांच स्थायी सदस्यों के सहमति मत की भी आवश्यकता होगी। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने "सुरक्षा परिषद् में औचित्य पूर्ण प्रतिनिधित्व और इसकी सदस्य संख्या में बढ़ोत्तरी के प्रश्न" पर एक मुक्त कार्यदल नियुक्त किया है। इस समय यह कार्यदल किसी देश विशेष की उम्मीदवारी पर विचार नहीं कर रहा है।

**Scaling the Dried wells by ONGC at sibsagar**

404. SHRI TARA CHARAN MAJUMDAR: will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pelased to state:

(a) whether it is a fact that in the district of Sibsagar ONGC did not take proper care to seal the dried wells by filling up the same with sand so as to save the land from seismic eruption and damage caused annually by floods etc.;

(b) whether Government are also aware that it is causing a serious concern in view of the downward turn of the river Brahmaputra towards South and it is situated in regions more prone to earthquake; and

(c) if so, what are the details thereof and what action has been taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) to (c) No, Sir. In ONGC, the dried wells are abandoned by sealing the wells properly following a standard procedure in compliance with the provisions of Oil Mines regulation, 1984. The procedure followed in abandoning dried wells ensures that the abandoned wells do not pose any problem even under influence of extraneous factors like flood etc.

**Loss to forest wealth in hilly districts of U.P. by forest**

405 SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI:
DR. MURLI MANOHAR JOSHI:

Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) the district-wise estimated loss to forest wealth in the hill districts of U.P. by forest fires in May-June 1995;